सामाजिक संरचना का अंग निम्न में से कौन नहीं है ?

(a) सामाजिक प्रतिमान
(b) सामाजिक समस्यायें
(c) सामाजिक संस्थायें
(d) व्यक्तियों द्वारा ग्रहण किये गये पद एवं भूमिकायें

व्यक्ति पर सामाजिक संरचना के अस्वस्थ या नियमविहीन व्यवहार को किस विद्वान ने "सामाजिक नियमविहीनता" (Social Anomic) के नाम से सम्बोधित किया है ?

(a) जॉनसन
(b) दुर्खीम
(c) ब्राउन
(d) मर्टन

निम्न में से किस समाजशास्त्री ने सामाजिक संरचना को एक विशिष्ट क्रमबद्धता के रूप में देखा है ?

(a) गिलिन एवं गिलिन
(b) पारसन्स
(c) मोरिस जिन्सबर्ग
(d) नैडेल

Scanned with CamScanner

ब्राउन ने पुस्तक "Structure and Function in a Primitive Society" लिखी—

(a) 1950 में
(b) 1951 में
(c) 1952 में
(d) 1955 में

"सामाजिक सम्बन्धों के एक जटिल ताने-बाने को हम सामाजिक संरचना के नाम से पुकारते हैं।" यह कथन है—

(a) ग्रीन का
(b) दुर्खीम का
(c) के० डेविस का
(d) रैडक्लिफ ब्राउन का

सामाजिक संरचना में अध्ययन किया जाता है—

(a) व्यक्तियों का
(b) सामाजिक व्यक्तियों का
(c) असामाजिक व्यक्तियों का
(d) इनमें से कोई नहीं

स्थायी मानव क्रियाओं को कहते हैं—

(a) स्थिति
(b) सामाजिक व्यवस्था
(c) भूमिका
(d) इनमें से कोई नहीं

पुस्तक "Division of Labour in Society" के लेखक हैं—

(a) रैडक्लिफ ब्राउन
(b) वार्ड
(c) गिडिंग्स
(d) दुर्खीम

सामाजिक संरचना की विशेषता निम्न में से कौन नहीं है ?

(a) अमूर्तता
(b) क्रमबद्धता
(c) असमानता
(d) अखण्डता

Scanned with CamScanner

"सामाजिक संरचना अन्तर्क्रियात्मक सामाजिक शक्तियों का जाल है जिसमें अवलोकन एवं चिन्तन की विभिन्न पद्धतियों का उद्भव हुआ है।" यह कथन किससे जुड़ा है?

(क) जॉनसन
(ख) मर्ट
(ग) मैनहीम
(घ) पारसन्स

निम्न में क्या गलत है?

(क) सामाजिक संरचना समाज के बाह्य स्वरूप का बोध नहीं कराती है।
(ख) सामाजिक संरचना एक विशिष्ट क्रमबद्धता है।
(ग) सामाजिक संरचना एक अमूर्त धारणा है।
(घ) सामाजिक संरचना एक अवधारणा है।

निम्न में कौन सामाजिक संरचना के तत्त्व है?

(क) बाह्य स्वरूप
(ख) विशिष्ट क्रमबद्धता
(ग) अमूर्तता
(घ) मूल्य और प्रतिमान

निम्न में क्या सामाजिक संरचना की विशेषता नहीं है?

(क) अपेक्षाकृत स्थायी
(ख) मूर्त धारणा
(ग) अमूर्त धारणा
(घ) उप-संरचनाएँ

Scanned with CamScanner